प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनांक 15.04.2024**

प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में उड़नदस्ता टीम थाना मझगवां के प्रयास से 02 लाख 66 हजार 500 संदिग्ध रुपयों की जब्ती की गई।

पुलिस अधीक्षक महोदया, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न करायें जाने के उद्देश्य से जनपद में गठित उड़नदस्ता/स्थैतिक निगरानी दल द्वारा थाना मझगवां क्षेत्र अन्तर्गत मजिस्ट्रेट व मझगवां पुलिस टीम के संयुक्त प्रयास से संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी कि इसी दौरान गिरवर बैरियर के पास संदिग्ध वाहन सं0 UP 78HP 6056 में सवार अभिषेक पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम पौथिया थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर के कब्जे से मुबलिक 02 लाख 66 हजार 500 रुपयें बरामद हुए। उक्त व्यक्ति से बरामद धनराशि के सम्बन्ध में जानकारी की गई तो माकूल उत्तर नही दे सका ।

जिससे प्रथम दृष्टया प्रतीत हुआ कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 को प्रभावित करने के उद्देश्य से उक्त धनराशि का प्रयोग कर मतदाताओं को आकर्षित किये जाने की पूर्ण आशंका थी । जिस कारण से उड़नदस्ता/स्थैतिक निगरानी दल व थाना मझगवां पुलिस द्वारा जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गई ताकि लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराया जा सकें।